हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 32 .0 डिग्री


12 चार दिन बाद होनी थी दो नाबालिग बहनों की...





12 विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ...




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार तीन वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने 4 जुलाई को दर्ज मामले में राजस्थान के बहला बूढ़ा गांव निवासी आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसी दिन दर्ज किए गए रामपुरा थाने में मामले के आरोपी राजस्थान के नानोपुर निवासी नवीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बीते वीरवार को बावल के पास हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में पुलिस ने राजस्थान के कुंडाला निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। बाद में तीनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक गिरफ्तार

**नाहड़।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीते वर्ष क्षेत्र के ऐ गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने 14 जून को को पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने फतेहाबाद के गांव रितपुर निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया है।

### हुड़दंगबाजी करने के आरोप में तीन काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हुड़दंगबाजी करने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मॉडल टाउन एरिया में कुछ लोग शराब के नशे में हुड़दंबाजी कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर कुतुबपुर निवासी दिनेश स्वामी और कोनसीवास निवासी अजय को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने इंद्रकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पहले दो आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया गया, जबकि तीसरे आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### कोर्ट से घोषित दो पीओ चढ़े पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से धोखाधड़ी के मामले में घोषित किए गए दो पीओ गिरफ्तार किए हैं। कोर्ट में वर्ष 2020 में दायर किए गए मामले में दिल्ली निवासी दीपक और दिनेश शर्मा कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे। कोर्ट ने दोनों को पीओ घोषित करने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू की थी। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### महिला ने लगाया होटल में बंधक बनाने का आरोप

**कोसली।** झज्जर के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपने परिचित पर होटल में बंधक बनाए रखने और मारपीट के आरोप में केस दर्ज कराया है। महिला ने किसी तरह की अश्लील हरकत करने का कोई आरोप नहीं लगाया है। महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि गत 2 जुलाई को उसके परिचित ललित ने उसे कुछ कागजों पर साइन के बहाने बुलाया था। इसके बाद उसे वापस नहीं जाने दिया। आरोपी ने उसका फोन छीनकर बन्द कर दिया। वह 2 जुलाई से कोसली एक होटल में कमरे में बंद रही। ललित ने उसके साथ एक दो बार मारपीट की है, लेकिन कोई अश्लील हरकत अथवा जबरदस्ती नहीं की।सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा बंधक विवाहिता को पुलिस संरक्षण में लेकर नागरिक अस्पताल कोसली में उसका शारीरिक परीक्षण कराया।

# बादलों के बावजूद उमस से राहत नहीं, भारी गर्मी ने बढ़ाई बिजली की खपत

■ लोगों को करना पड़ रहा पावर कटों का सामना, आज से मौसम में बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून कमजोर पड़ने के कारण लोगों को बारिश के अभाव में भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। बादल छाने के बावजूद उमस भरी गर्मी जमकर परेशान कर रही है। गर्मी के कारण बिजली की खपत में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे लोगों को रात के समय भी लंबे पावर कटों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार से मौसम में बदलाव की संभावना है, लेकिन अच्छी बारिश के लिए नए सप्ताह का इंतजार करना पड़ेगा। शुक्रवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। दोपहर तक धूप और हवा में नमी ने उमस बढ़ा दी। दोपहर बाद आसमान में बादल गहरा गए। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की कमी के साथ 38.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री बढ़कर 28.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा में नमी का स्तर 70 प्रतिशत तक रहा। दोपहर बाद तक लोगों को उमस और चिपचिपाहट भरी गर्मी के कारण पसीने-पसीने होना पड़ा। ऐसे वातावरण में पंखे और कूलरों की हवा भी उमस को कम नहीं कर पाती, जिससे लोगों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। शाम के समय समय आसमान में बादल गहराने से बूंदाबांदी की संभावना बन गई।



रेवाड़ी। शुक्रवार को शाम के समय छाए बादल।

### गर्मी के झटके दे रही बिजली

बारिश नहीं होने के कारण बिजली की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। बीते वीरवार की रात तक एक दिन में बिजली की खपत 93.28 लाख यूनिट रही। इससे पहले 14 जुलाई को खपत 97.30 लाख यूनिट दर्ज की गई थी। एक ओर जहां घरेलू बिजली का लोड बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर कृषि क्षेत्र में भी बिजली की खपत बढ़ गई है। किसान बाजरा और कपास की फसलों को बचाने के लिए सिंचाई कर रहे हैं, जिससे बिजली की मांग बढ़ी है। बिजली निगम की ओर से बार-बार पावर कट लगाए जा रहे हैं। रात के समय भी लंबे पावर कट लोगों की नींद हराम कर रहे हैं। बारिश होने के बाद ही बिजली की खपत में कमी आ सकेगी।

### अगले सप्ताह मौसम में हो सकता है बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार 18 जुलाई से अगले सप्ताह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। इस दौरान आसमान में आंशिक या घने बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। 20 जुलाई के बाद से कई दिनों तक झमाझम बारिश हो सकती है। अच्छी बारिश के बाद ही लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकेगी। शुक्रवार को शाम के समय बादल गहराने के बाद रात को बूंदाबांदी होने की संभावना बन गई थी।

## रेजांगला पार्क से पायलट चौक होते हुए जिमखाना क्लब तक पहुंची रैली

# पीएम मोदी ने राज्य को स्वच्छता व ग्रीन एनर्जी में आगे बढ़ने की दी प्रेरणा : लक्ष्मण

पीएम के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिमखाना क्लब में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता, ई-रैली में शामिल हुए बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरित ऊर्जा का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को जींद कार्यक्रम का जिमखाना क्लब में सीधा प्रसारण किया गया। इस उपलक्ष्य में रेजांगला पार्क से आयोजन स्थल तक ई-रैली निकाली गई, जिसे मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, कोसली के विधायक अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, पूर्व मंत्री डा. बनवारी लाल आदि मौजूद रहे।

ई-रैली में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हुए, जिनमें बसें, ई-रिक्शा, ई-कार आदि में सैकड़ों महिला-पुरुष सवार थे। रेजांगला पार्क से यह रैली पायलट चौक होते हुए जिमखाना क्लब तक पहुंची। यहां डीसी अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा, कार्यक्रम के प्रभारी व एडीसी राहुल मोदी, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देसवाल ने जिला के सभी विधायक व गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। जिमखाना क्लब के खचाखच भरे हॉल में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जींद दौरे का बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से हरियाणा को स्वच्छता और ग्रीन एनर्जी की राह में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। हरियाणा की धरती से प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, बीमा सखी आदि जो भी अभियान शुरू किया, वह अवश्य सफल हुआ है। उन्हें विश्वास है कि उनका सपना स्वच्छ रेवाड़ी-स्वस्थ रेवाड़ी भी प्रधानमंत्री की इस पहल से अवश्य साकार होगा। उन्होंने बताया कि जिला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए के ऋण दिए गए हैं। देश में विकास का नया दौर आरंभ हुआ है। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का सुधार करवाया गया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### वैकल्पिक इंधन की दिशा में आत्मनिर्भरता की पहल

बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को वैकल्पिक ईंधन की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने की नई पहल शुरू की है। हाइड्रोजन ट्रेन का स्वदेशी निर्माण रेलवे के लिए नए युग का आरंभ है। भविष्य में इस प्रकार की ट्रेन उन्हें रेवाड़ी में भी देखने को मिलेगी। जो कि जीरो कार्बन पर चलती है और इससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जन समस्याओं का निराकरण करवाने में प्रभावी भूमिका अदा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रयासों से दक्षिण हरियाणा को करोड़ों रुपयों की विकास योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### हाइड्रोजन ट्रेन प्रदेश के लिए गौरव की बात

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि प्रथम हाइड्रोजन ट्रेन जींद की धरती से चलना हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा से गहरा लगाव रखते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रगति के नए सोपान गढ़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भी सदा विकास को महत्ता दी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की रहनुमाई में अत्याधुनिक अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत का संकल्प को पूरा करने में हरियाणा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

### पेट्रो पदार्थों पर ही निर्भर नहीं रहेगा देश

भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने सभी अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि पानी से रेल चलना कभी एक स्वप्न की भांति दिखता था, जिसे हमारे इंजीनियर व वैज्ञानिकों ने साकार कर दिखाया है। आने वाले समय में भारत केवल पेट्रो पदार्थों पर निर्भर नहीं रहेगा। हाइड्रोजन ट्रेन का शुरू होना यह संकेत है कि भारत हरित ऊर्जा में आत्मनिर्भर होगा। इससे हमारे पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

### यह रहे जिमखाना क्लब के कार्यक्रम में

समारोह में भाजपा नेता वीर कुमार यादव, नगर परिषद की चेयरमैन विनीता पीपल, धारूहेड़ा नगर पालिका के चेयरमैन अजय जांगड़ा, जिला महामंत्री प. हिमांशु पालीवाल, कुलदीप चौहान, मा. हुकमचंद यादव, स्टेट पीपीपी कोऑर्डिनेटर सतीश खोला, कृष्ण इंजीनियर, रत्नेश बंसल, रामपाल यादव, सिंहराम महलावत व डिप्टी सीईओ अंकित, तहसीलदार रमन कुंडू, डीआईओ सचिन आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम के खिलाफ वकीलों का आंदोलन तेज



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद बार एसोसिएशन के सदस्य व पदाधिकारी।

■ वरिष्ठ अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार व मनमाने फैसलों को लेकर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और मनमाने ढंग से फैसले लेने के आरोपों को लेकर एसडीएम के खिलाफ दो माह से मोर्चा खोले बैठे वकीलों ने सोमवार से आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। वकील सोमवार से अदलतों का बहिष्कार करते हुए धरने पर बैठना शुरू कर देंगे। एसडीएम के तबादले तक आंदोलन जारी रहेगा।

शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की बैठक प्रधान विश्वामित्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रधान ने कहा कि लगभग 2 माह पहले वरिष्ठ वकीलों के साथ एसडीएम ने दुर्व्यवहार किया था। वह अपनी कोर्ट में मनमाने ढंग से फैसले सुनाते हैं। वकीलों ने एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश की कैबिनेट मंत्री आरती राव व अन्य सत्तासीन नेताओं से मुलाकात की थी। सीएम के नाम ज्ञापन भी दिया था, परंतु एसडीएम का तबादला आज तक नहीं किया है। इसके बाद बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक एसडीएम का तबादला नहीं होगा, तब तक वह अदालतों का बहिष्कार करेंगे।

### सोमवार से शुरू होगा धरना

पत्रकारों से बातचीत में प्रधान विश्वामित्र ने बताया कि बार ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि सोमवार से सभी अदालतों का बहिष्कार किया जाएगा। वकील एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर धरना शुरू करेंगे। राजस्व संबंधी मामलों में भी वकील हाजिर नहीं होंगे। जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाएगा, तब तक वकीलों का आंदोलन जारी रहेगा। ऐसे में सोमवार से कोर्ट में तारीख पर आने वाले लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

### कोल्ड ड्रिंक की एजेंसी दिलाने के नाम पर 11.64 लाख की ठगी का एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष जनवरी माह में कोल्ड ड्रिंक की एजेंसी दिलाने के नाम पर लगभग 11.64 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस शिकायत में कोसली निवासी नवीन ने बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर एक सील देखी थी, जिसमें कैंपा कोला कंपनी की एजेंसी लेने के लिए संपर्क करने को लिखा हुआ था। उसने इंटरेस्टेड के ऑप्शन पर क्लिक किया, तो उसके मोबाइल फोन पर व्हाट्सअप मैसेज के जरिए एक लिंक आया। लिंक क्लिक करने पर फार्म खुल गया। उसने फार्म भरने के साथ ही अपनी सारी इन्फोर्मेशन सांझा कर दी। उसे बताया गया कि तुम्हारा रजिस्ट्रेशन हो गया है। उसे रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 58410 रुपये जमा कराने होंगे। उसने यह राशि जमा करा दी। इसके बाद उससे 21 जनवरी 2025 को प्रोडक्ट बुक कराने के लिए 514296 रुपये दो बैंक खातों में जमा कराने के लिए कहा। उसे यह राशि भी जमा करा दी। 1 फरवरी 2025 को उसके पास माजरा कलां निवासी अमित गोदाम वेरिफाई करने के लिए आया। गोदाम देखने के बाद उसने एग्रीमेंट फीस, सिक्योरिटी डिपोजिट और इंश्योरेंस प्रीमियम के 590853 रुपये जमा कराने को कहा। उसने यह राशि भी जमा करा दी।

## छात्र की मौत प्रकरण में टीचर के साथ हसला जांच के बिना कार्रवाई नहीं करने की मांग

**रेवाड़ी।** धवाना में कथित तौर पर टीचर की पिटाई से परेशान छात्र के आत्महत्या करने के मामले में हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन ने पुलिस से जांच पूरी किए बिना आरोपी टीचर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने की मांग की है।

हसला के जिला प्रधान मनोज मसानी एवं खोल खंड प्रधान टेकचंद के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धवाना एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहा का दौरा कर हाल ही में हुई दुखद घटना के संबंध में विद्यालय प्रशासन, शिक्षक साथियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। हसला ने छात्र जतिन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। दौरे के उपरांत आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने पूरे घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की। संगठन ने कहा कि उसके संज्ञान में यह बात आई है कि बिना किसी निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच के विद्यालय के प्रवक्ता श्यामलाल को कुछ लोग अनावश्यक रूप से दोषी ठहराने तथा मानसिक रूप से प्रताड़ति करने में लगे हुए हैं। हसला ने इस प्रकार के प्रयासों पर गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को जांच पूरी होने से पहले दोषी ठहराना न्याय के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है।

### बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

■ 21 जुलाई को जारी होगी पहली मेरिट सूची, 22 को होगी फिजिक्ल काउंसिलिंग

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने चालू शैक्षणिक सत्र के लिए बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई को सायं 5 बजे तक निर्धारित आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित विभाग कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष सत्येंद्र बल ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 21 जुलाई 2026 को मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद 22 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग में फिजिकल काउंसलिंग आयोजित होगी। चयनित अभ्यर्थियों को उसी दिन प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी सीट सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। विभागाध्यक्ष ने पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर प्रवेश प्रक्रिया का लाभ उठाने की अपील की।

## टीबी सेंटर की सीलिंग गिरने से हड़कंप, बड़ा हादसा टला

**रेवाड़ी।** सिविल अस्पताल के टीबी सेंटर में शुक्रवार सुबह सजावट के लिए बनाई गई फॉल सीलिंग गिरने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सीलिंग गिरने के बाद कर्मचारी सेंटर से बाहर आ गए। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। बाद में कर्मचारियों ने अस्थाई तौर पर बनाई गई सीलिंग को हटा दिया।



टीबी सेंटर को सजावटी बनाने के लिए एक कंपनी की ओर से लगभग पांच साल पहले फॉल सीलिंग अपने खर्च पर तैयार कराई थी। सेंटर कक्ष पर छत की जगह टिनशेड होने के कारण सीलिंग लगाई गई थी। बारिश के सीजन में पानी टिनशेड से लीक होने के बाद सीलिंग तक पहुंच गया, जिससे सीलिंग खराब होने के कारण नीचे गिरना शुरू हो गई। सीलिंग के गिरने का सिलसिला शुरू होने के बाद कर्मचारी कक्ष से बाहर आ गए। बाद में सीलिंग के छत से हटाया गया। सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया के अनुसार बारिश का पानी अंदर पहुंचने के कारण सीलिंग खराब होकर नीचे गिरना शुरू हो गई थी।

## एडीसी ने की निपुण मिशन की प्रगति के कार्यों की समीक्षा

# जर्जर स्कूल भवनों की सूची तैयार करें : राहुल मोदी

स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित शैक्षणिक निरीक्षण व छात्रों के सीखने के स्तर में सुधार लाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों में बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें तथा विद्यालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए अध्यापकों द्वारा करवाई जा रही शिक्षा की निगरानी की जाए।

एडीसी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की मासिक समीक्षा बैठक ली। इस मीटिंग में जिला एफएलएन समन्वयक चरण सिंह ने पीपीटी के माध्यम से जिला की एजेंडावार रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।



रेवाड़ी। बैठक में अधिकारियों से बातचीत करते हुए एडीसी राहुल मोदी।

### खराब भवनों की सूची जल्द बनाएं

उन्होंने यह भी कहा कि जिन स्कूलों के भवन खराब या जर्जर अवस्था में है उनकी भी सूची तैयार की जाए, ताकि उन भवनों पर कार्यवाही की जा सके। एडीसी ने कहा कि जिन स्कूलों में डिजिटल उपकरणों उपलब्ध है और वे प्रयोग में नहीं आ रहे है, उन स्कूलों का चयन कर उपलब्ध डिजीटल बोर्ड व अन्य उपकरणों को प्रयोग करवाने के लिए विशेष ट्रेनिंग की सुविधा करवाई जा सके।

एडीसी ने बैठक में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता, छात्र उपस्थिति, निपुण हरियाणा पैरेंट ऐप एवं व्हाट्सएप चैनल पर अभिभावकों की सहभागिता के प्रभावी क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की। मोदी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित शैक्षणिक निरीक्षण तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जाए। बैठक में उप-जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार, डीपीसी संतोष तंवर, सभी बीईओ, एपीसी कृष्ण कुमार, जिला को-ओर्डिनेटर एफएलएन चरण सिंह, एसपीआईयू पंचकूला के सदस्या अंजली व स्नेहा, डाइट से सरोज आदि रहे।



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

लाइफ Style



# कृति सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

## हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर्ज 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

## टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे' एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।



# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंस ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



## मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

## कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

## सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

**खबर संक्षेप**

### खड़गवास में टेलर ने फांसी लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** खड़गवास गांव में एक टेलर मास्टर ने अपने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। गांव निवासी 55 वर्षीय नवरत्न शर्मा कपड़े सिलाई का कार्य करता था। शुक्रवार को अपने घर पर ही था। इसी दौरान उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पता चलने के बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुला लिया।

### पीओ स्टाफ ने कोर्ट से घोषित अपराधी किया काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। एसआई लाल चंद ने बताया कि खोल गांव निवासी इंद्रकुमार काफी दिनों से चेक बाउंस के एक मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ अवमानना का केस दर्ज किया था। स्टाफ ने केस दर्ज होने के बाद आरोपी को काबू करने के प्रयास किए थे। आरोपी इंद्रकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

'स्वस्थ बच्चा, सशक्त राष्ट्र कुपोषण उन्मूलन' अभियान के तहत हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# कुपोषण मुक्त बचपन सशक्त भारत की नींव: डॉ. रेनू सोलखे

*हर बच्चे को पर्याप्त पोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा देना प्रशासन की साझा जिम्मेदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। शिविर में जानकारी देते हुए डा. रेनू सोलखे। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की बाल हितैषी विधिक सेवाएं योजना, 2024 के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान 'स्वस्थ बच्चा, सशक्त राष्ट्र कुपोषण उन्मूलन' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को एडीआर सेंटर में पैरा लीगल वालंटियर्स, आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं एवं आशा कार्यकतार्ओं के लिए प्रशिक्षण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेट्रो हॉस्पिटल की ओर से प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रेनू सोलखे, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रेवाड़ी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. रेनू सोलखे ने कहा कि स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त बचपन ही सशक्त भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को पर्याप्त पोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा एवं विधिक संरक्षण उपलब्ध कराना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने पैरा लीगल वालंटियर्स, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकतार्ओं का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को कुपोषण की रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बाल अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम में मेट्रो हॉस्पिटल, रेवाड़ी के डॉ. विक्रम ने प्रतिभागियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, उचित पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एनीमिया की रोकथाम तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य जांच से कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

#### योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान

महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, समेकित बाल विकास सेवा, पूरक पोषण, मातृ स्वास्थ्य अधिकार, आंगनवाड़ी सेवाएं, मिड-डे मील, मासिक धर्म स्वच्छता, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया।

#### प्रावधानों की दी जानकारी

मुख्य एलएडीसीएस हरीश कुमार शर्मा ने नालसा की बाल हितैषी विधिक सेवाएं योजना, पॉक्सो अधिनियम, 2012 तथा किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण, शिक्षा एवं न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

#### अधिकारों के बारे में बताया

डीएलएसए की पैनल अधिवक्ता निशा रानी ने नालसा की डॉन योजना, मानसिक रूप से बीमार एवं दिव्यांग व्यक्तियों को उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवाएं, एसिड अटैक पीड़ितों के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, पीड़ित प्रतिकर योजना, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सेंटर, महिलाओं एवं बच्चों के लिए उपलब्ध विधिक सहायता तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## बाबा रामस्वरूपदास आश्रम में दिव्य चातुर्मास समारोह का शुभारंभ 30 से

- 30 को निकाली जाएगी 2100 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डहीना



डहीना। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आश्रम के संत।

सीहा गांव में स्थित बाबा रामस्वरूपदास दादूपंथी आश्रम में 30 जुलाई से दिव्य चातुर्मास समारोह का शुभारंभ होगा। धार्मिक आयोजन को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। श्रद्धालुओं और आयोजन समिति के सदस्यों में उत्साह का माहौल है।

दीपदास महाराज ने बताया कि समारोह का आयोजन आश्रम के महंत श्री नरोतम दास जी महाराज के पावन सानिध्य में होगा। चातुर्मास के शुभारंभ अवसर पर 30 जुलाई को 2100 महिला श्रद्धालुओं की कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा बाबा रामस्वरूपदास दादूपंथी आश्रम से वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ प्रारंभ होकर क्षेत्र का भ्रमण करेगी। कलश यात्रा में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान लक्ष्मी राम पीठ, जयपुर के महंत एवं प्रख्यात कथावाचक रामझूलन दास महाराज श्रीमद्भागवत कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और सदाचार का संदेश देंगे। चातुर्मास अवधि में प्रतिदिन कथा, भजन-कीर्तन, सत्संग तथा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में धर्म लाभ लेने की अपील की है।

#### सनातन में चातुर्मास का विशेष महत्व

आश्रम के महंत नरोतम दास महाराज ने बताया कि सनातन परंपरा में चातुर्मास का विशेष महत्व है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल एकादशी तक के चार माह भगवान विष्णु योगनिद्रा में रहते हैं। इस अवधि में संत-महात्मा एक ही स्थान पर रहकर धर्म, अध्यात्म और सत्संग के माध्यम से समाज को सदाचार, सेवा और संस्कारों का संदेश देते हैं। चातुर्मास के दौरान कथा-श्रवण, भजन-कीर्तन, जप-तप, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष फल प्राप्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से समृद्ध करने का आह्वान किया।

## नसीबपुर जेल में आर्यव्रत सेवा न्यास ने लगाए तीन वाटर कूलर

**नारनौल।** आर्यव्रत सेवा न्यास की ओर से नसीबपुर जेल परिसर में तीन वाटर कूलर स्थापित किए गए। इनका उद्देश्य जेल में आने वाले बंदियों, कर्मचारियों और मुलाकातियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। वाटर कूलर के उद्घाटन अवसर पर जेल अधीक्षक संजय बांगड़ और आर्यव्रत सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया के बेटे मृत्युंजय सिंह पिलानिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर संयंत्रों का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने न्यास की इस पहल की सराहना की और कहा कि सार्वजनिक हित से जुड़े ऐसे कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। आर्यव्रत सेवा न्यास की ओर से बताया गया कि संस्था सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जल सेवा और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

### धनौन्दा में 20 से 26 के बीच होगा योग शिविर

**नारनौल।** गांव धनौन्दा के वेद मंदिर में 20 से 26 जुलाई तक योग शिविर लगाया जाएगा। इस सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ 20 जुलाई को मुख्य अतिथि समाजसेवी ठाकुर अतरलाल करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए आर्य समाज धनौन्दा के प्रधान संतलाल आर्य ने कहा कि योग शिविर का उद्देश्य योग को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि योग कोच कुनाल मावता युवा तथा स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण देंगे।

## 33 साल बाद महेंद्रगढ़ पहुंचे एसीएस रोडवेज सब डिपो निर्माण का दिया भरोसा

- डॉ. वी राजा शेखर का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पगड़ी एवं शाल ओढ़ाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। सम्मानित करते सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति सदस्य।

हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. वी. राजा शेखर 33 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद महेंद्रगढ़ पहुंचे। यहां अनेक सामाजिक संगठनों ने उनको सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. वी राजा शेखर वूंडरू ने समारोह को संबोधित करते हुए महेंद्रगढ़ कॉम्प्लेक्स व अन्य पुराने विकास कार्यों की यादों को साझा किया। उन्होंने क्षेत्र में हुए बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ने महेंद्रगढ़ की तस्वीर बदल दी है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग पर महेंद्रगढ़ में रोडवेज के नए सब डिपो के जल्द निर्माण का पूरा भरोसा दिया। इस दौरान सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति ने डॉ. वी राजा शेखर को ज्ञान, करुणा और समता का अग्रदूत बताते हुए पगड़ी पहनाकर शाल ओढ़ाकर, मोमेंटो एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, कॉम्प्लेक्स के प्रधान रामचंद्र, बस्ती राम, सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चंदन सिंह जालवान, महासचिव बिरदी चंद गोठवाल, उपाध्यक्ष राजेश चांवरिया, समिति प्रवक्ता एवं प्रधान अनिल फाण्डन कोली समाज के प्रधान तोताराम, मानव समाज सेवा फाउंडेशन के प्रधान जयपाल सिंह, सचिव सुमेर सिंह गोठवाल, पूर्व थानेदार कालूराम मेहरा, पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, अमरनाथ सिरोहा, राजेंद्र जलवान, हरि राम सिरोहा और खंड प्रधान विकास बचीनी आदि रहे।

## श्रीकृष्णा स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा की उत्तीर्ण



साक्षी | प्रिया | निखिल | नितिन

**महेंद्रगढ़।** बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन परिणामों के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट यानी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में श्रीकृष्णा स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने शानदार प्रर्दशन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सीनियर हेड संदीप यादव ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नीट परीक्षा में क्वालीफाई किया है। नितिन कुमार पुत्र सतीश कुमार गडानिया ने 562 अंक, प्रिया पुत्री अजीत सिंह निवासी पालडी पनिहारा ने 562 अंक, उमंग पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी जावां ने 548 अंक, साक्षी पुत्री रविकांत मांडोला ने 533 अंक, अर्पित पुत्री प्रशांत निवासी नौताना ने 520 अंक, निखिल कुमार पुत्र रामौतार निवासी महेंद्रगढ़ ने 502 अंक सहित अन्य विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अटूट संकल्प, शिक्षकों की कड़ी मेहनत और हमारी मजबूत शिक्षण प्रणाली का परिणाम है। नीट देश की मेडिकल विधा की प्रतिष्ठित परीक्षा है।

## नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** नीट परीक्षा का परिणाम में सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में गर्व तोमर ने एंजेसी द्वारा निर्धारित 720 अंक में से सर्वाधिक ने 678 अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में तनीषा ने 614 अंक के साथ द्वितीय तथा खुशी ने 611 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी सफलता को आगे बढाते हुए स्कूल के अन्य विद्यार्थियों जिनमें भूपेन्द्र पुत्र पवन कुमार ने 606, सुधांशु ने 606, सर्वेश ने 602, श्रेयांश चैहान ने 596, प्रियांक ने 590, समीक्षा पुत्री भूप सिंह ने 585, हिमांशु ने 585, शुभम ने 584, रजनीश 580, तनीश शर्मा ने 556, साहिल यादव ने 552, देवाशीष शर्मा ने 542, गीतू ने 537, स्वीटी पुत्री सोमवीर ने 523, महक शर्मा पुत्री विजय कुमार ने 519, प्राची पुत्री राकेश ने 512, सेरेन भाटिया पुत्री रमेश भाटिया ने 508, सुजीत पुत्र श्रीभगवान ने 506, वर्षा पुत्री सुनील ने 505, हर्षिता पुत्री हर्षवर्धन ने 503, पूजा पुत्री प्रदीप ने 499, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 498, खुशबू पुत्री दीपक कुमार ने 491, ख्वाहिश पुत्री संत कुमार ने 490, नितिन कुमार पुत्र हीरा लाल बैरवा ने 486, दीक्षा पुत्री सतीश ने 484, हर्ष कुमार दहिया पुत्र पवन दहिया ने 478, अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियो ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### शिविर में कैडेटों को मिली अनुशासन व नेतृत्व करने की प्रेरणा

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय महाविद्यालय के 29 एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी प्रशिक्षण हांसिल किया है। यह शिविर कमांडेंट कर्नल संदीप सिंह के निर्देशन में आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में आयोजित किया गया, जिसमें 400 से अधिक कैडेटों ने हिस्सा लिया है। शिविर के दौरान कैडेटों को सैन्य अनुशासन, ड्रिल, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन तथा नेतृत्व क्षमता से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें महाविद्यालय के कैडेटों ने भाग लेते हुए कई पदक भी हासिल किए।

## जैलाफ गांव के बड़े जोहड़ को नहरी पानी से भरने की मांग, सौंपा ज्ञापन

- भीषण गर्मी और कम होते जलस्तर से पशुपालक चिंतित, गर्भवती भैंसों के स्वास्थ्य पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। जैलाफ का वह जोहड़, जिसे नहरी पानी से भरने की मांग उठी है।

गांव जैलाफ के ग्रामीणों ने भीषण गर्मी और जोहड़ में लगातार घटते जलस्तर को देखते हुए गांव के बड़े जोहड़ (आश्रम के समीप) को नहर के पानी से भरवाने की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपमंडल अभियंता-द्वितीय, जेएलएन कैनाल, सिंचाई विभाग, नारनौल को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में ग्राम पंचायत सदस्य मुकेश कुमार, राजबाला, नंबरदार छितरमल तथा सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने बताया कि क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है और मानसून की बारिश में भी देरी हो रही है। ऐसे में गांव के बड़े जोहड़ में पानी लगभग समाप्त होने की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि जोहड़ में पर्याप्त पानी रहने से पशुओं, विशेषकर भैंसों, को गर्मी से राहत मिलती है और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जोहड़ सूखने की स्थिति में गर्भवती पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पिछले वर्षों में भी पानी की कमी के कारण विशेष रूप से भैंसों के बीमार होने और गर्भ खराब होने के मामले सामने आए हैं।

## डेंगू-मलेरिया रोकथाम अभियान 102 घरों की जांच में मिला लार्वा

**महेंद्रगढ़।** बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय डेंगू-मलेरिया रोधी माह अभियान के तहत शुक्रवार को गांव देवास में स्वास्थ्य विभाग ने महाअभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल ने किया। उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हिमांशु, एएनएम शर्मिला, एएनएम रोशनी व आशा वर्कर की टीम भी मौजूद रही। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल ने गांव में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि एक हफ्ता, दस मिनट फॉर्मूले को अपनाएं। हर रविवार को कूलर, फ्रिज की ट्रे, गमले, टायर और पानी की टंकियों की सफाई अवश्य करें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें और बुखार आने पर लापरवाही न बरतें। अभियान के दौरान 102 घरों में लार्वा की जांच की गई। जिनमें से दो घरों में लार्वा पाया गया, एक कूलर और एक पानी की टंकी में। लार्वा को तुरंत नष्ट कर परिवारों को नोटिस दिए गए।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को पंपलेट वितरित करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

## मॉडर्न स्कूल के छात्रों ने नीट की परीक्षा में नाम किया रोशन

**महेंद्रगढ़।** मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित नीट 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि विद्यालय के छात्र मुकुल पुत्र जगपाल सिंह ने ऑल इंडिया 4907 रैंक, मान्यता पुत्री संजय कुमार ने 12961 रैंक, हर्ष पुत्र सतन सिंह ने 17655 रैंक तथा साहिल पुत्र सत्यवीर ने भी नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में चार चांद लगा दिए। विद्यालय चेयरमैन सतन सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रदीप तंवर ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी तथा भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



साहिल | हर्ष | मान्यता | मुकुल



रौनक | अंजलि | लोकेश | प्रिया | अंशिका

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिचय दिया है। इस सफलता में रौनक पुत्र जितेन्द्र ने 670 अंक, मोहम्मद तल्हा पुत्र जामिल अहमद ने 644 अंक, अंजली पुत्री सुनील कुमार ने 640 अंक खुशी यादव पुत्री किरण कुमार ने 632 अंक, पायल यादव पुत्री रोशन लाल यादव ने 631 अंक, नरेन प्रताप पुत्र मिंटू कुमार ने 630 अंक, कनिका पुत्री ओमवीर यादव ने 628 अंक, हर्षिता बंसल पुत्री ललित कुमार 627 अंक, सुहानी मित्तल पुत्री अनिल मित्तल ने 619 अंक, किरण पुत्री सुंदरलाल ने 617 अंक, रीतू पुत्री अभय सिंह ने 611 अंक हासिल किए है। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आगे चलकर एक कुशल डॉक्टर बनें और देश सेवा के साथ-साथ समाज एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

एसएचओ ने प्रबुद्ध लोगों से की मीटिंग, कैमरे लगवाने पर दिया जोर

# सीसीटीवी आधुनिक पुलिसिंग व अपराध नियंत्रण में मददगार: मुकेश

*व्यापारी व ग्रामीण अपने परिसरों में लगवाएं कैमरे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाटूसाना



जाटूसाना। क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों की मीटिंग लेते हुए एसएचओ मुकेश कुमार।

सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद करने के उद्देश्य से प्रबंधक थाना रोहड़ाई निरीक्षक मुकेश कुमार ने थाना क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों, स्थानीय ज्वेलर्स और पेट्रोल पंप संचालकों के साथ एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए रणनीतियां साझा की गईं।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रबंधक निरीक्षक मुकेश कुमार ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे आधुनिक पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण में सबसे बड़े मददगार हैं। सभी व्यापारी, ज्वेलर्स, पेट्रोल पंप संचालक और ग्रामीण अपने-अपने परिसरों व गांवों के मुख्य चौराहों पर उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। इससे न केवल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि अपराधियों में भी भय पैदा होगा।

#### नशाखोरी और संदिग्धों पर रखें पैनी नजर

*थाना प्रबंधक ने बैठक में उपस्थित मौजिज लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने गांवों में शरारती तत्वों, नशाखोरी करने वाले युवाओं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर पैनी नजर रखें। यदि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो बिना किसी डर के इसकी सूचना तुरंत पुलिस को डायल-112 पर दें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी और पुलिस प्रशासन ऐसी सूचनाओं पर त्वरित व सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगा।*

#### आपसी सहयोग से बनेगा सुरक्षित समाज

निरीक्षक मुकेश कुमार ने स्पष्ट किया कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है, लेकिन एक सुरक्षित समाज का निर्माण पुलिस और आमजन के आपसी सहयोग से ही संभव है। बैठक में आए सभी गणमान्य नागरिकों, ज्वेलर्स और पेट्रोल पंप संचालकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में पुलिस प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### राजियाका में जोहड़ में डूबने से वृद्ध की मौत

**रेवाड़ी।** राजियाका में जोहड़ में डूबने से लगभग 61 साल के वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी महावीर किसी काम से घर से निकला था। इसके बाद वह घर लौटकर नहीं आया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने जोहड़ में शव पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव को जोहड़ से बाहर निकलवाया।

### पीजीआई से लाकर शव का कराया पोस्टमार्टम

**रेवाड़ी।** खोरी निवासी युवक की पीजीआई में मौत के बाद पुलिस ने शव सिविल अस्पताल लाकर उसका पोस्टमार्टम करा दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा। गुमीना रोड पर रहने वाला विजयपाल गत 14 जुलाई को खोरी में एक दुकान पर सामान लाने के लिए गया था। दुकान से लौटने के बाद वह अपने कमरे में सो गया। अगले दिन सुबह उसने परिजनों को बताया कि उसे सांस लेने में दिक्कत आ रही है। परिजनों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### विवाह की तैयारियों को लगा झटका, प्रशासन की मुस्तैदी कर गई काम

# चार दिन बाद होनी थी दो नाबालिग बहनों की शादी, प्रशासन ने रुकवाई

**एक बहन की शादी के समय ही दूसरी की नाबालिग होने के बावजूद शादी कर दी जाती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हांसावास गांव में चार दिन बाद दो लड़कियों की शादी होनी तय की गई थी। इसी दौरान प्रशासन को सूचना मिली कि दोनों लड़कियां बालिग नहीं हुई हैं। डीसी के निर्देश पर गांव पहुंची प्रशासन की टीम ने जांच के बाद दोनों लड़कियों की शादी रुकवा दी।

इस गांव में चार दिन बाद दो लड़कियों का विवाह होना तय था। इसी दौरान प्रशासन को सूचना मिली कि दोनों लड़कियां अभी नाबालिग हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बाल विवाह रोकने वाली टीम को गांव जाकर जांच करने के निर्देश दिए। इस टीम ने गांव में जांच की। एक लडकी की आयु 4 माह कम तथा दूसरी लडकी की आयु 2 साल कम पाई गई। यह पुष्टि होने के बाद इस विवाह को रुकवा दिया गया है। विवाह अधिनियम के अनुसार शादी के लिए लडकी की आयु 18 साल व लडके की आयु 21 साल होनी आवश्यक है। जिला प्रशासन की टीम में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा, प्रमोद बागड़ी, ईएसआई विजेंद्र व महिला सिपाही अनिता की संयुक्त विभागीय टीम ने बाल विवाह रुकवाने में सफलता हासिल की। शादी रुकवाने के बाद परिजनों को निराशा का सामना करना पड़ा है।



रेवाड़ी। गांव में शादी रुकवाने के लिए पहुंची प्रशासन की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

**बाल विवाह के आरोपी को 2 साल तक की सजा व 1 लाख के जुर्माने का प्रावधान** ▶▶

◀◀ **शादी रुकवाने के बाद परिजनों को निराशा का सामना करना पड़ा**

### तुरंत दें बाल विवाह की सूचना



18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होने के बारे में कोई भी सूचना प्राप्त होती है, तो वे बाल विवाह निषेध अधिकारी, पुलिस हेल्पलाइन 112, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर सम्पर्क कर सकते हैं, ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबालिग के विवाह को रुकवाया जा सके। इसके लिए आमजन का सजग होना जरूरी है।

-अभिषेक मीणा, डीसी।

### पूरी हो चुकी थी तैयारियां

बावल क्षेत्र में कुछ गांव ऐसे हैं, जहां अभी भी लड़कियों की शादी कम उम्र में कर दी जाती है। एक बहन की शादी के समय ही दूसरी नाबालिग होने के बावजूद शादी कर दी जाती है। कई मामलों में तो उम्र काफी कम होती है। इसके बावजूद पुरानी परंपराओं को निभाते हुए नाबालिग लड़कियों की शादी कर दी जाती है। इस मामले में शादी की तैयारियां पूरी की जा चुकी थीं। शादी रुकवाने के बाद सभी तैयारियां धरी रह गई।

### बाल विवाह करना कानूनी अपराध

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि बाल विवाह करवाना निषेध अधिनियम के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लडके को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो उसे 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है।

## न्यूज डायरी



### गोकलगढ़ बाइपास पर बने गहरे गड्ढे लगातार बढ़ रही हादसों की आशंका

**रेवाड़ी।** झज्जर रोड स्थित गोकलगढ़ बाइपास के पास सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह करीब डेढ़ फुट गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे वाहन चालकों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इस मार्ग से गुजरने वाली छोटी कारों, ऑटो, ई-रिक्शा और दोपहिया वाहनों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गहरे गड्ढों के कारण वाहनों के टायर, सस्पेंशन और अन्य महत्वपूर्ण पुर्जे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। प्रतिदिन हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी रोष है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो यहां कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है।

### एमएलआर के बाद हत्या के प्रयास का मामला पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** यादव नगर में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मेडिगो लीगल रिपोर्ट के आधार पर मारपीट मामले में हत्या के प्रयास की धारा शामिल करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यादव नगर निवासी मोहित को गत 30 जून को सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। उसने पुलिस बयान में बताया था कि अजय नगर निवासी अतुल ने उसके मकान के सामने गली में आकर उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने बचाव कराते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर मारपीट का केस दर्ज किया था। बाद में तबियत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर दिया था। मेडिगो लीगल रिपोर्ट में गंभीर चोटें पाए जाने की बात सामने आने के बाद सिटी पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास की धारा शामिल की थी। पुलिस ने आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नीट परीक्षा में आरपीएस कोसली का शानदार प्रदर्शन, चार छात्र चयनित

**कोसली।** आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीभगवान यादव, निदेशक हंसराज यादव एवं प्राचार्या अंजू यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नीट परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों में शामिल नेहा पुत्री मुकेश कुमार गांव कोसली, भावना पुत्री उदयबीर सिंह गांव भुरथला, दीपिका, पुत्री प्रदीप कुमार, गांव खानपुर हैं। इसके अतिरिक्त विद्यालय के छात्र प्रिंस शर्मा, पुत्र नवीन कुमार, गांव सादतनगर का चयन भी विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उनकी इस उपलब्धि ने विद्यालय की सफलता में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है।

### अवैध देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी को सीआईए टीम ने किया गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** सीआईए ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हथियार सप्लाई के बारे में पता लगाने के लिए उसे कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि विकास निवासी गांव नांधा के पास अवैध हथियार है। वह माजरा फ्लाईओवर के पास नांधा मोड़ पर खड़ा हुआ है। सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विकास निवासी गांव नांधा बतलाया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 देशी कट्टा बरामद हुआ। सीआईए ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसे थाना खोल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लेने के बाद पूछताछ की जा रही है।

### सब्जी मंडी में डेयरी संचालक रोहित पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर



**रेवाड़ी।** सब्जी मंडी में डेयरी चलाने वाले युवक पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसे प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान दर्ज करने के बाद आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी। गुर्जरवाड़ा निवासी जोनी ने पुलिस बयान में बताया कि उसके घर में गायों की डेयरी है। वह सब्जी मंडी से गायों के लिए सब्जी खरीदकर लाते हैं। दो दिन पहले उसका छोटा भाई रोहित देर शाम मंडी में सब्जी लेने गया था। वहां साहिल और विकास अपने साथियों के साथ पहले से बैठे हुए थे। मंडी में उन्होंने रोहित को देखकर गालियां देनी शुरू कर दी। जब उसने गालियां देने से रोका तो उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। आरोपियों ने रोहित के सिर, पीठ और हाथों पर वार किए। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जोनी ने बताया कि इससे 3 दिन पहले कन्नू अपने साथियों के पास उसके घर के पास आया था। इस दौरान उसने उसे घर से बाहर दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल जाकर घायल के बयान दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

### बिजली की दुकान से सामान चोरी करने का आरोपी एक दिन के रिमांड पर



**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने नंदरामपुर बास रोड स्थित एक बिजली की दुकान से हजारों रुपये का सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे चोरी किए गए सामान की रिकवरी की जाएगी। माजरा श्योराज निवासी सत्यप्रकाश ने पुलिस शिकायत में बताया था कि भगत सिंह चौक पर उसकी बिजली के सामान की दुकान है। गत 8 जून को दोपहर उसकी दुकान पर एक अनजान व्यक्ति बिजली का सामान खरीदने के बहाने से आया। उसने महंगे कॉपर मल्टीस्ट्रैंड वायर की मांग की, जब वह सामान लाने के लिए अपने गोदाम में गया, तो मौका पाकर उक्त व्यक्ति दुकान में रखे 4 बंडल बिजली केबल सहित अन्य सामान को लेकर रफूचक्कर हो गया। वापस आने पर उसे दुकान में चोरी का अहसास हुआ। पुलिस ने तुरंत चोरी का मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में गुरूग्राम के गाड़ौली में रह रहे मूल रूप से यूपी निवासी सौरभ सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज आरती राव के प्रयास का नतीजाः प्रो. हंसराज



**रेवाड़ी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के करीबी व भाजपा नेता प्रो. हंसराज ने शुक्रवार को नारनौल के कोरियावास में महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण पर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव के अथक प्रयासों से नारनौल की जनता को यह तोहफा मिला है। एक बयान में प्रो. हंसराज ने कहा कि महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज का पीएम मोदी के हाथों वर्चुअल लोकार्पण पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण है। यह मेडिकल कॉलेज केवल एक स्वास्थ्य संस्थान नहीं, बल्कि महेंद्रगढ़ जिले के विकास, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और उज्ज्वल भविष्य की नई पहचान बनेगा। अब जिले एवं आसपास के लोगों को गंभीर उपचार के लिए बार-बार दिल्ली और जयपुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं अपने ही जिले में उपलब्ध होने से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी और क्षेत्र के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे। प्रो. हंसराज ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की योजना को सिरे चढ़ाने के लिए आरती राव की पहल पर ही प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी ने स्वीकृति की मोहर लगाई थी। सीएम नायब सिंह प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में आरती राव दक्षिणी हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही हैं।

### कुंभावास में ग्रामीणों ने फलदार पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रेवाड़ी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ शुक्रवार को गांव कुंभावास में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान समाजसेविका कृष्णा यादव, बीर सिंह, कृष्ण तथा निर्मला ने संयुक्त रूप से ताइवान पिंक अमरूद और अनार के पौधे लगाए। पौधारोपण के दौरान उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी देखभाल भी करे। फलदार पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि लोगों को पौष्टिक फल उपलब्ध कराने के साथ जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी ने गांव को अधिक हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प भी लिया।

### प्राचार्य डॉ. कविता गुप्ता आईजीयू की कार्यकारी परिषद की सदस्य बनी



**रेवाड़ी।** किशन लाल पब्लिक कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कविता गुप्ता को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की कार्यकारी परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह मनोनयन हरियाणा राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा उनका कार्यकाल अधिनियम एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार प्रभावी रहेगा। डॉ. कविता गुप्ता का कार्यकारी परिषद में मनोनयन उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक अनुभव, प्रभावी प्रशासनिक नेतृत्व, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पण तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण माना जा रहा है। शिक्षा जगत में उनका नाम एक कुशल शिक्षाविद् एवं दूरदर्शी प्रशासक के रूप में जाना जाता है। उनके नेतृत्व में किशन लाल पब्लिक कॉलेज ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक शैक्षणिक, शोध, नवाचार, कौशल विकास तथा छात्र-केंद्रित गतिविधियों का सफल आयोजन कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद विश्वविद्यालय की सर्वोच्च नीति-निर्माण एवं प्रशासनिक इकाइयों में से एक है।

### कोसली में मनाया जाएगा रोजगार मार्गदर्शन सप्ताह

**कोसली।** रोजगार विभाग की ओर से कोसली में 20 से 24 जुलाई तक रोजगार मार्गदर्शन सप्ताह का मनाया जाएगा। विद्यार्थियों को करियर, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। सहायक रोजगार अधिकारी ईशू यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, करियर चयन और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं, कौशल विकास तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### प्रथम हाइड्रोजन ट्रेन चलना हरियाणा के लिए गौरव की बात : वीर कुमार



**कोसली।** हरियाणा प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री ओर वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एक बार फिर से हरियाणा को स्वच्छता और ग्रीन एनर्जी की राह में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। हरियाणा की धरती से प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, बीमा सखी आदि जो भी अभियान शुरू किया, वह अवश्य सफल हुआ है। उन्हें विश्वास है कि उनका सपना स्वच्छ रेवाड़ी- स्वस्थ रेवाड़ी भी प्रधानमंत्री की इस पहल से अवश्य साकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी के लाइव कार्यक्रम के बाद वीर कुमार यादव ने बताया कि जिला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 100 करोड़ रुपए के ऋण दिए गए हैं। देश में विकास का नया दौर आरंभ हुआ है। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का सुधार करवाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को वैकल्पिक ईंधन की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने की नई पहल शुरू की है।

# फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर आधा अनुदान सब्सिडी के लिए किसान 3 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग चालू वित्त वर्ष के लिए फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। उप कृषि निदेशक जितेंद्र अहलावत ने बताया कि इच्छुक किसान 3 अगस्त 2026 तक विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र किसानों का चयन जिला कार्यकारिणी समिति द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए किसान का परिवार पहचान पत्र आधार कार्ड, बैंक खाता, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पंजीकरण, ट्रैक्टर की आरसी, पैन कार्ड तथा अन्य जरूरी दस्तावेज होना अनिवार्य है। जिन किसानों या उनके परिवार के किसी सदस्य ने पिछले तीन वर्षों में इसी योजना का लाभ लिया है, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे। विभाग ने किसानों से अपील की है कि फसल अवशेषों को खेत में ही प्रबंधित कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें तथा योजना का लाभ उठाकर आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करें।

### जाट धर्मशाला में दिव्य सत्संग का आज

**रेवाड़ी।** स्वामी नितानंद सेवा समिति गोकलगढ़ की ओर से 18 जुलाई को जाट धर्मशाला हुडा ग्राउंड के समीप दिव्य वाणी सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आध्यात्मिक सत्संग के साथ-साथ नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10:30 बजे नशा मुक्ति साइकिल यात्रा से होगी। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे दिव्य वाणी सत्संग का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ मिलेगा। शाम 5:30 बजे संध्या आरती होगी।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


**संदेश** उमा भारती स्कूल में हुआ नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम

**नशा व्यक्ति, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन**

# विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ




रेवाड़ी। विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते और नशा नहीं करने की शपथ दिलाते टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे नशा मुक्त रेवाड़ी अभियान के तहत जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को स्वामी उमा भारती पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव तथा यातायात नियमों की जानकारी देकर समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मन है। यह न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि युवाओं के सुनहरे भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे पढ़ाई, खेल और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें तथा नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहें। साथ ही अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के युवा ही कल के भारत की ताकत हैं। यदि युवा नशे से दूर रहेंगे तो समाज और राष्ट्र दोनों सुरक्षित और मजबूत बनेंगे। कार्यक्रम में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर ठग फोन कॉल, सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से ओटीपी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी निजी जानकारी साझा न करें और किसी संदिग्ध कॉल या लिंक से सावधान रहें। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की सलाह दी गई।

### नशा करने और बेचने वालों की दें सूचना

नशा मुक्ति टीम के एएसआई जितेंद्र कुमार ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशा करता है, नशीले पदार्थों की तस्करी करता है या कोई संदिग्ध व्यक्ति अथवा वाहन दिखाई देता है, तो तुरंत डायल-112 या टअठअर हेल्पलाइन 1933 पर सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।